The question was put and the motion was adopted.

SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY: Sir, I introduce the Bill.

CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL, 1990

(insertion of new article 38A)

SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY (Assam): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

The question was put and the motion was adopted.

SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY: Sir, I introduce the Bill.

THE AGRICULTURAL WORKERS (MINIMUM WAGES AND WELFARE) BILL, 1986—Contd.

डा. रत्नाकर पाण्डेय (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका कृतज्ञ हूं कि आपने मुझे "कृषि कर्मकार (न्यूनतम मजदूरी और कल्याण (विधेयक, 1986" के संदर्भ में अपने विचार प्रकट करने का मौका दिया, जो कि इस सदन के अनुभवजन्य, प्रगतिशील और निर्भीक सदस्य श्री एन. ई. बलराम जी ने इस माननीय सदन में प्रस्तुत किया है। मैं पुनः अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए इस विधेयक के उद्देश्य और कारणों पर आता हूं, जो इसमें दिए गए हैं :

> "इस समय कृषि-कर्मकारों को उनके काम की शर्तों, मजदूरी के ढांचे पेंशन और सामाजिक सुरक्षा-संबंधी अन्य उपायों के बारे में किसी भी प्रकार का विधिक संरक्षण प्राप्त नहीं है। उनकी दशा-दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। उनकी विशाल संख्या तथा राष्ट्रीय समृद्धि में उनके योगदान को देखते हुए अब समय आ गया है कि समाज के इस महत्वपूर्ण वर्ग को हर संभव विधिक संरक्षण प्रदान किया जाये।"

उपाध्यक्ष महोदय, यह बहुत ही सामयिक विधेयक है। हमारे जो करोड़ों मजदूर खेतों में काम कर रहे हैं और अपना खून पसीना बहाकर जो उत्पादन कर रहे हैं, उस उत्पादन में उनकी हिस्सेदारी तो दूर की बात है, जो श्रम वे करते हैं, उस श्रम का भी वास्तविक मूल्य, जो केन्द्र सरकार द्वारा निधारित मिनिमम वजेज है, नहीं मिलता है, उससे भी नीचे मिलता है। परिणाम यह हो रहा है कि सर्वोच्च सदन में या लोकसभा में कोई भी कानून या विधि हम बनाते हैं, जब वह क्रियान्वयन स्तर पर आता है, जिनके लिए हम कानून बनाते हैं, जिनके लिए प्रावधान करते हैं, कुछ नहीं बल्कि वह जस का तस रहता है केवल कागजों में ही सारी चीजें रह जाती हैं।

इस विधेयक के माध्यम से मैं बताना चाहता हूं कि इस समय देश में जो लेबर है, एग्रीकल्चरल लेबर, उनकी संख्या अगर विस्तार में मैं पूरे देश की प्रान्तवाइज और यूनियन टेरिटरी वाइज बताऊं तो उसमें बहुत समय लगगा, कृ मूल रूप से देश में जितनी एग्रीकल्चरल लेबर हैं उनमें मेन वर्कर और मार्जिनल वर्कर, दो भागों में बांटकर के उनकी संख्या सदन को बताना चाहता हूं। मेन वर्करस 5,54,99,704 हैं और 89,09,748 हैं। इस प्रकार 6,44,09,452 की दोनों की संख्या बनती हैं। जहां करोड़ों इस देश के मजदूर हों और जिसकी आबादी के बल पर हम संसद में आए हों या सरकार में बैठे हो या जन-प्रतिनिधित्व का सुखलाभ हासिल कर रहे हों—चाहे विधान सभाओं में हों, चाहे संसद में हों, चाहे ब्लॉक में हों, चाहे नगर में हों, उनकी दशा को हम सुधार नहीं पा रहे हैं तो इससे बढ़कर के दुख, वेदना और कथनी-करनी के भेद की दूसरी बात नहीं हो सकती।

हमारे देश की आबादी का एक बड़ा हिस्सा कृषि श्रमिक के रूप में अत्यंत गरीबी, बेबसी अभाव और पशुओं की भांति आज भी जिन्दगी गुजार रहा है। 1981 की जनगणना के अनुसार इनकी उस समय संख्या लगभग साढ़े पांच करोड थी जिसमें बराबर वृद्धि हो रही है, बड़ी तेजी से वृद्धि हो रही है। इन कृषि मजदूरों की न कोई यूनियन है न इनका कोई

संगठन है, न संस्था है और न ही कोई श्रम न्यायालय इनके लिए हैं जहां इनकी शिकायत को सुनकर इन्हें न्याय दिया जा सकता हो। मैं मंत्री महोदय से आग्रह करूंगा कि कोई न कोई श्रम न्यायालय ऐसा बनाएं और उन श्रम न्यायालयों के बीच में और जो हमारे मजदूर हैं, जो डेली वेजिज भी नहीं पा रहे हैं, उनके बीच में सरकार की ओर से कोई न कोई उनका प्रवक्ता बन कर के उन्हें न्याय दिलाए तब आपका वेल्फेयर स्टेट पालिटिक्स वाला आश्वासन सत्य होगा अन्यथा जैसा पहले हम लोग लेबर के लिए करते थे और उन तक नहीं पहुंच पाता था, वही स्थिति आपकी भी होगी। सदियों से गांव के सेठ-साहूकार और सामंत बंधुआ मजदूर के नाम से जो मजदूर हैं, कृषि मजदूर हैं, जो अभाव में पल रहे हैं, जिनकी जिन्दगी दाने-दाने के लिए, वस्त्र के टुकड़े के लिए, अपने बच्चों को शिक्षा की रोशनी दिलाने के लिए तड़प रहे हैं, उन मजदूरों की पूरी जवानी बंधुआ मजदूरों के रूप में गुजर जाती है। आप मंत्री महोदय बिहार के रहने वाले हैं और एक-एक मील, दो-दो मील के खेतिहर हैं और वे हजारों की संख्या में मजदूरों से खेतों का काम लेते हैं और अगर किसी मजदूर का बच्चा बीमार है, उसकी स्त्री को प्रसव होने वाला है, उसका बेटा अंतिम सांस ले रहा है, तब भी जब जमींदार का मुनीम जाता है और उसको ललकार कर के बाहर निकालता है कि चल खेत में काम करने तो वह सांस टूटते हुए देखता है अपने छोटे से नादान बच्चे की। वह अपने बूढ़े मां-बाप को मौत के घाट उतरते हुए देख रहा है। हम इस सदन के लोग उस स्थान पर अपने को रख कर देखें कि जब एक मजदूर के परिवार का कोई व्यक्ति अभावों में जूझता हुआ दवाओं के अभाव में मौत से संघर्ष कर रहा है और उस समय उसे जबर्दस्ती ले जाकर के खेती के काम में जोड़ा जाता है तो इन्सानियत कराह उठती है और मानवता का विद्रूप अट्टहास सारी दुनिया में होने लगता है। उस विभीषिका को हमें दूर करना है। सारी जवानी लड़कपन में, जवानी आने के पहले जो हमारा एग्रीकल्चरल लेबर है, वह बूढ़ा हो जाता है। उसकी जवानी कब आई, कब गई, पता ही नहीं चलता है।

जिन्हें सिर्फ निदाई, गुड़ाई और कटाई के काम के लिए उपयोग में लिया जाता है, उस वर्ग के लोगों में महिलाओं की संख्या सर्वाधिक है। इस वर्ग के हितों का सर्वाधिक ध्यान रखना आवश्यक है क्योंकि महिलाएं जहां श्रम करें वहां उस श्रम के बदले उस मातृत्व शक्ति को शोषण मिले, वह देश कभी भी प्रगति नहीं कर सकता। हम भारतवासी यह नारा—

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता:

दुनिया में कितनी बार गूंजा चुके हैं, लेकिन जब तक हम उसको अधिकार नहीं देंगे तब तक कुछ नहीं हो सकता है। इस वर्ग के हितों का सर्वाधिक ध्यान रखने की जरूरत है। आज यहां पर जो भी चर्चा हो रही है, उसका मूल उद्देश्य समाज के सबसे कमजोर वर्ग के हितों का ध्यान रखना है। हरिजन, आदिवासी वर्ग में अधिकांश कृषि मजदूर जो खेती पर अपना जीवन यापन करते हैं। गांवों में जब लौनी होती है तो रात भर वे लौनी करते हैं। सवेरे जब वे फसल को लाते हैं तो जमींदार बैठ जाता है और कम से कम वह फसल कटाई की मजदूरी उनको देता है। आज तक कई योजनाएं आईं लेकिन सरकार की इन योजनाओं के ज्ञान का उनको पता नहीं है। उसको इसका ज्ञान कराइए और उनको प्रकाशित करिए। आज उन मजदूरों के चेहरों पर कर्जों की दहशत है। जो थोड़ी बहुत जमीन उनकी है गांव में वह बनियां, जमींदार लिख लेता है और कर्ज पर कर्ज चढ़ते हुए पीढ़ियां गुजर जाती हैं और वह सामंतशाह सिर पर साथ साथ चलता है। आज तक साहूकारों का आकार बहुत बड़ा हो गया है। उससे खेतिहर मजदूरों को बचाइए, तब आपका श्रम मंत्री होना सार्थक होगा। श्रीमन, मैं इन कृषि मजदूरों के बारे में बड़ी नम्रता से कुछ सुझाव देना चाहता हूं जिन्हें मैं समझता हूं कि आप विचार कर अपनाएंगे। पहला मेरा सुझाव कि इनकी न्यूनतम मजदूरी निर्धारित की जाए और केन्द्रीय सरकार में जो डेली वेज देते हैं, उससे ऊपर इनकी मजदूरी होनी चाहिए, अन्यथा 5 रु., चार रु. या ढाई रु. पर आप मजदूरी कराना चाहते हैं, तो इससे उनका भला नहीं हो सकता।

[डा० रत्नाकर पाण्डेय]

दूसरा मेरा सुझाव है कि खेतों में काम के घंटे निश्चित किए जाएं । अधिक समय कोई काम करे तो उसको जैसे सरकारी कार्यालयों में ओवरटाइम मिलता है, उसी तरह से उन्हें भी दिया जाए। तीसरा मेरा सुझाव है कि ग्राम पंचायतों में आंगनवाड़ी और गरीब तबकों के लिए जो अन्य कार्यक्रम हैं वे चलाएं जाए ताकि उनका सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक उत्थान हो सके। खेतों में काम करने वालों के बच्चों के लिए अनिवार्य रूप से वहां प्रवेश दिया जाए , जैसा कि आपने पिछड़े वर्ग के लोगों के बच्चों के लिए अनिवार्यता की है, उसी तरह से खेतिहर मजदूरों के बच्चों के लिए निःशुल्क भोजन देने का प्रावधान किया जाए, तब कुछ हो सकता है ।

मेरा अगला सुझाव यह है कि प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़ और सूखे की घटनाएं सबसे ज्यादा गरीब लोगों को प्रभावित करती हैं । इसे ध्यान में रख कर इस वर्ग के लोगों के लिए बाढ़ और सूखा राहत कार्यक्रम बनाए जाएं ताकि इस वर्ग के लोगों को विशेष सहूलियत मिल सके। अभी जो राहत दी जाती है उसे भ्रष्ट अफसरशाही खा जाती है । ऐसे पैसे को खाने वाले जेल के भीतर हो तो इसका दूसरों पर भी प्रभाव पड़ेगा ।

महोदय, गांवों से शहरों की ओर लोगों का पलायन बहुत तेजी से हो रहा है और शहरों में भी झुग्गियां-झोंपड़ियां रोज बन रही हैं और इन झुग्गियों के जो ठेकेदार हैं वे बसाने का भी पैसा लेते हैं और हजारों रुपए लेते हैं और जो वर्ग उसमें रहता है वह गांवों में यदि रोजगार के साधन मुहैया किए जाएं तो उनको अपने घर पर ही रोजगार मिल सकता है और शहरों की ओर गांवों से जो पलायन हो रहा है उसे रोका जा सकता है । अपने गुण के अनुरूप उसको गांव में ही काम मिले, कुटीर उद्योग से काम मिले तो वह अधिक अर्जन कर सकता है ।

श्रीमन्, अंतिम तीन सुझाव देकर मैं अपनी बात समाप्त करूंगा । कीटनाशक और रोगनाशक दवाओं के छिड़काव के लिए मजदूरों के मुंह, आंख, नाक और कान की रक्षा के लिए मास्क पहनने के बारे में उन मजदूरों को जानकारी नहीं होती । इसकी अनिवार्यता आप बना दें । खेत मालिक इसका ध्यान नहीं रखते हैं और उनके फेफड़ों में, उनके वायुरंधों में जहर जाता है और उनका जीवन कम हो जाता है। जब हम फसलों पर छिड़काव करते हैं तो खेत मालिकों का ध्यान इस ओर भी दिलायें और गंभीर बीमारियों का सामना जो मजदूरों को करना पड़ता है उन्हें निःशुल्क इलाज दिलाइये और मास्क पहनने का कानून बना दीजिये आप । और जो जमीन का मालिक है उसको मास्क देना पड़ेगा और बीमार होगा तो निःशुल्क चिकित्सा करानी पड़ेगी, यह मेरा सुझाव है । गांव में मुर्गी पालन, मछली पालन केन्द्र आदि बना कर इनमें कृषि मजदूरों को आप रोजगार भी दे सकते हैं । दुर्घटना आदि के होने पर इन्हें मुआवजा देने का स्थाई प्रबंध भी करें आप। मजदूर पिसता है और पिस करके जो उत्पादन करता है उस उत्पादन पर हम सुख-सुविधायें और आनन्द का भोगमय संसार बसाते हैं और जो उत्पादन करता है आप वर्क टू राईट का प्रस्ताव ला रहे हैं । आपके भूतपूर्व उप प्रधान मंत्री श्री देवी लाल ने कहा है कि शहरों की सम्पत्ति पर सीलिंग लगायी जाये जैसे 18 एकड़ की सीलिंग आपने लगायी उसी तरह सीमा से अधिक कोई सम्पत्ति न रखें । अगर आपकी सरकार में दम है जितने पूंजीपति बड़े-बड़े हैं, जो अट्टालिकायें खड़ी किये हुये हैं, एक धन की सीमा निर्धारित करिये और इसकी शुरूआत होनी चाहिये। Charity begains at home

प्रधान मंत्री जी की जो जमीन राम जानकी ट्रस्ट और दहिया ट्रस्ट की है वह पूरी दान करें और जो लेबर मजदूर हैं, जो कृषि मजदूर हैं उनमें वितरित किया जाये और उनके माध्यम से सारे देश के जो राजा, महाराजा, सामन्त और

पूंजीपति हैं उनकी नाजायज सम्पत्ति को लेकर के गरीबों में बांट दी जाये तब एक क्रांति आयेगी और जो लेबर मजदूर हैं, एग्रीकल्चरल लेबर जो हैं वह सोचेगी कि आपकी सरकार ने कुछ किया है । राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह का जो ऐश महल इलाहाबाद में है वह भी गरीबों के लिये लेबर का एक सेंटर बनाया जाये उत्तर प्रदेश का उसे एग्रीकल्चरल लेबर का । अंत में निराला की इन पंक्तियों से मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं । लिखा तो भिखारी पर था उन्होंने लेकिन एग्रीकल्चरल मजदूर पर भी उतरता है :

वह आता दो टूक कलेजे के करता

DR. YELAMANCHILI SIVAJI (Andhra Pradesh): You tell the lesson to Dr. Chenna Reddy.

DR. RATNAKAR PANDEY: When I go, I will speak to him. They should also change.

जो लोग भी आवश्यकता से अधिक संपत्ति रखते हैं पूरे देश में चाहे किसी दल में हों, सबको अपनी संपत्ति दान कर देनी चाहिये और वह गरीब एग्रीकल्चरल लेबर में बंट जानी चाहिये । इस तरह का बलराम जी जैसे बुजुर्ग का, अनुभवी आदमी का प्रस्ताव लाना सार्थक है नहीं तो कितने प्रस्ताव इस सदन में आये और वातावरण में गूंज कर रह गये, उन पर कार्यान्वियन नहीं हुआ । मैं समझता हूं कि यह प्रस्ताव कार्यान्वित होगा । इसलिये निराला की इन पंक्तियों के साथ :

वह आता दो टूक कलेजे के करता
पछताता पथ पर

पेट पीठ दोनों हैं मिलकर एक चल
रहा लकुटिया टेक

मुठ्ठी भर दाने को भूख मिटाने को
मुख फटी पुरानी झोली को फैलाता

वह आता दो टूक कलेजे के करता
पछताता पथ पर आता

भिखारी और मजदूर में कोई फर्क नहीं है । भिखारी बिना श्रम के अर्जित करता : और मजदूर अपना सर्वस्व न्यौछावर करके भी दाने-दाने को मोहताज है और देश में जो गरीबों की बहुसंख्या है उसमें एग्रीकल्चरल लेबर की संख्या सबसे ज्यादा है । उनके उत्थान के लिये सामूहिक रूप से पूरे सदन का, पूरे देश का दायित्व है कि हम कुछ ऐसा करें जिससे कर्मएव जयते, सत्यमेव जयते का नारा सही सिद्ध हो, वह केवल अशोक चक्र के नीचे लिखा जाने वाला नारा नहीं हो बल्कि जन-जन के हृदय में स्थापित होने वाला सत्यतव जयते और कर्म एव जयते का नारा सार्थक हो । आपने मुझे बोलने का मौका दिया, आपके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं ।

SHRI MOTURU HANUMANTHA RAO (Andhra Pradesh): Mr. Vice-Chairman, Sir, I wholeheartedly support the Bill brought forward by my hon. friend, Shri N. E. Balaram.

[**The Vice Chairman** (Shri M. A. Baby) *in the Chair.*]

In fact, the Communist parties have been there in the forefront of this struggle to bring about an all-India legislation to protect the agricultural labourers in particular. The question is, it has been long overdue for the last forty-three years and our hon. Member, Dr. Pandey must take note of it. He is insisting for that now. I am very happy to hear him that way. But the point is that for forty-three years, there has been no support for it. The major part of our labour force comes from the rural side and agricultural labourers cover backward class people, the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes and people from all other castes also. So if this legislation would protect the interests of all castes and all classes, then it is urgently needed. In spite of the repeated promises made by the previous Government, it has not been implemented at all. The question is, some time back, there was a serious suggestion from the Government of India and even from the previous Government that the State Governments should see to it that the agricultural labour was protected and proper legislation like that of Kerala should be

[Shri Moturu Hanumantha Rao]

brought forward by every State. That was the recommendation made by the previous Government. But despite the fact that most of the States were ruled by the same party in power, it was not attended to at all. Last year also, I was pressing the Labour Minister to see that the minimum wages are fixed and a Central legislation is brought forward in this House. But what the Labour Minister told us? If I remember correctly, the Labour Ministers conference was held and Labour Ministers from all the States were brought here and a conference took place and in that conference, this question was discussed. Most of the State Labour Ministers were against any immediate legislation being brought. Why? Because they were not at all interested in the down trodden people of our country. Why should the Labour Ministers from the States be consulted? It is because it is a State subject and the Centre had to consult them and verify from them whether all of them would be agreeing to it. But the Labour Ministers coming from most of the States said, let us defer this. So the issue was deferred. Now, I am happy, after this National Front Government came into power and hon. Mr. Paswan ji became the Labour Minister, he has been repeatedly promising to bring about such a legislation. I am very happy to here that, but it should be implemented. That is the question. Though the resolution of our House would be of recommendatory nature to the Central Government, unless the Labour Minister takes it seriously, he cannot bring about such a legislation. He should be rather prompted by this Bill, which would be passed, no doubt, unanimously, in this House, to bring in such a legislation immediately. I hope that the Labour Minister would look into it.

Then the question is, where the agricultural labourers are shelterless, landless, homeless and they are not having any employment for all 365 days. In a year, they get employment for only 150 days or so and even to that extent, proper wages are not paid. The Central Act had been there —the Minimum Wages Act—which was passed in 1948 but the States were to fix up the minimum wakes rates from time to time. They have not doing it properly at all.

4.00 P.M.

And repeatedly, when the organised labour movement was pressing for it, they were, of course, recommending certain rates and those rates were there in the gazette publications, but never implemented at all. Mostly, they were not fair rates and even if they were fair, they were not implemented at all. No committee or established administrative power is there for the implementation of such legislations there. So all these defects are to be taken seriously and then in the coming legislation they have to be attended to. In all calamities, the first casualties would be from the agricultural labour side. I would like to tell you how it is happening. After the recent cyclone, I went to a place where the entire lands were washed off by sea-water. The harvested paddy as well as the heaps were washed off and the landlords or the rich peasants were all helpless in the matter. The agricultural labourers who had come from various districts for harvestation had been working there for 20 days, 15 days like that and they had to gather their income, the minimum wages that were available there. But by the time they were collecting their wages, this cyclone came and uprooted the peasant himself and the labourers. So, due to this suffering, they had no income at all though they worked for 20 to 25 days in the harvesting season. They had to go back to their places, with the help of somebody, without any income being there at all. So, that is the state of affairs for agricultural labourers. Mr. Vice-Chairman, I would draw your attention to another thing. Today, we got a news bit in 'The Hindu' that a boat capsized in the Krishna river. Most of

the 45 passengers that were there were migrating to some other places where there was work. They were agricultural labourers. Most of them, 28 out of 45 passengers who were there in the boat, died. So, as I said, all calamities go against them. They would be the first victims of all calamities, whether it is fire, flood or cyclone. This is the state of affairs so far as agricultural labourers are concerned.

Since such a legislation would cover all castes in this caste-ridden society where every day, some caste feelings are roused and bickerings are developed, the best way of eradicating such things is to see that common measures like this are immediately attended to by the Central Government. So, I would like to appeal to our Labour Minister to attend to it immediately and to see that a proper legislation on the model of the Kerala labour legislation is brought about here. I would also like to draw your attention, Mr. Vice-Chairman, to the fact that where there is a will, there is a way. Since this will had been there in Kerala and in West Bengal, where the communist movements have been strong, they could be implemented there. I ask my hon. friends—I think I can address it to the whole House also—why similar attention was not paid in other States where different parties were ruling, particularly the Congress which was predominantly ruling all over the country and holding most of the States. So...*(Interruption)*.

SHRI A. K. ANTONY (Kerala): Can you yield for a minute? In Kerala, while the Congress and the CPI were ruling the State, a Congress Member was the Labour Minister who introduced this Bill. Do you know that?

SHRI MOTURU HANUMANTHA RAO: I am very happy to hear from the Congress benches such an explanation. Do you know, my hon. friend, you did it after a great pressure from the communist movement and the organised labour movement? You have also to depend partly upon the communist movement. It was perhaps under compelling circumstances the Congress (I) also supported it. Therefore, I am happy about this. I also congratulate you to that extent, but the point is that the objective situation should be taken into consideration. What happtned there, why it did not happen in other States where Congress (I) exclusively was ruling, all these things are to be taken into consideration. And I hope thot this Bill is going to be passed by all sections of the House unanimously and I also hope that the hon. Minister of Labour would seriously attend to it and bring about a legislation in this session itself. Thank you, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABBY): Shri Shiv Pratap Mishra not here.

SHRI SURESH PACHOURI (Madhya Pradesh): Sir, ...

SHRI PRAGADA KOTAIAH (Andhra Pradesh): Sir, I would like to say a few words on this Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): Let the hon. Member speak. Then there is a list with me. I have to exhaust that. Only then you will be given an opportunity.

श्री सुरेश पचौरी : महोदय, हमारे साथी बलराम जी ने कृषि कर्मकार (न्यूनतम मजदूरी और कल्याण) विधेयक 1986 जो यहां प्रस्तुत किया है वह अत्यन्त सार्थक, महत्वपूर्ण और उपयोगी है । इसमें इस बात की ओर ध्यान आकर्षित किया गया हैं कि खेतिहर मजदूर के काम की क्या शर्तें हों, उस मजदूरी का किस प्रकार से प्रारुप हो, ढांचा हो और उन्हें पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा संबंधी सुविधायें किस प्रकार दी जाय । काम की शर्तें, मजदूरी का ढांचा, सामाजिक सुरक्षा और पेंशन आदि की सुविधायें इन खेतिहर मजदूरों को तभी मिल सकती है जब कि विधि में कुछ इस प्रकार की व्यवस्था की जाय जससे इन्हें संरक्षण प्रदान किया जा

[श्री सुरेश पचौरी]

सके और इसी तारतम्य में इस विधेयक पर चर्चा हो रही । मुझे विश्वास है कि हमारे जो मंत्री श्री राम विलास पासवान हैं वे इस संबंध में, जैसा कि उन्होंने मजदूरों के राष्ट्रीय अधिवेशन में आश्वासन दिया था, शीघ्र ही एक विधेयक लायेंगे और अपनी गतिशीलता और कार्यकुशलता का परिचय देते हुये इसी सत्र में इस विधेयक को पारित करवायेंगे ।

मान्यवर, ऐसे श्रमिक जो अपनी रोजी-रोटी कमाने के लिये पूर्णरूप से या आंशिक रूप से खेती पर आधारित होते हैं उनकी गिनती कृषि श्रमिकों के रूप में की जाती है । मुख्यतः ये खेतिहर मजदूर तीन भागों में विभाजित किये गये हैं । एक तो वे हैं जिनके पास कम खेती है और वे अपने पूरे परिवार का पालन-पोषण उस खेती से नहीं कर पाते हैं और इसके कारण वे किसी जागीरदार के यहां या किसी बड़े किसान के यहां खेती का काम करने जाते हैं । दूसरे प्रकार के कृषि श्रमिक वे हैं जिनके पास बिल्कुल भी खेती नहीं है । और अपने पूरे परिवार का लालन-पालन करने के लिये, पालन-पोषण करने के लिये वह किसी जागीरदार के यहां बड़े किसान के यहां मजदूरी करने के लिये जाते हैं । क्योंकि मैं स्वयं गांव से आया हूं और किसान परिवार से संबंधित हूं और किसान परिवार में भी बड़े मध्यम श्रेणी के किसान परिवार से जुड़ा हुआ हूं इस नाते इस व्यथा को बड़े अच्छे ढंग से समझ सकता हूं । गांव के श्रमिकों का जो संबोधन इनके साथ किया जा रहा है सही मायनों में उन्हें हरवाहे कहा जाता है । पूरा साल या दो-दो, तीन-तीन साल का अनुबंध किया जाता है, एग्रीमेंट किया जाता है कि तुम को तीन साल तक हमारे यहां काम करना होगा और उसके लिये पूरे साल में कुछ गल्ला और कुछ पैसे उन्हें दिये जाते हैं । कुछ पैसे दो या तीन या पांच हजार एडवांस में देकर उन कृषि श्रमिकों को पक्का कर लिया जाता है कि किसी और जमींदार या जागीरदार के यहां उनका अनुबंध न हो पाये । यद्यपि खेती संबंधी काम तो लगभग तीन माह का रहता है लेकिन बाकी मौसम में इन हरवाहों से इन कृषि श्रमिकों से वह काम लिया जाता है जिसकी व्याख्या विस्तार में की जाय तो सहज ही इस बात का अंदाज लगाया जा सकता है कि इन लोगों की कितनी दयनीय स्थिति है । न केवल इन कृषि श्रमिकों से काम लिया जाता बल्कि इन कृषि श्रमिकों के परिवार जनों से भी काम लिया जाता है । परिवारजनों से मेरा मतलब यह है कि वे जो सुबह गोबर उठाने का काम होता है गांव में वह गोबर उठाने का काम उस हरवाहे की पत्नी से कराया जाता है जिसको एक या दो या तीन साल के लिये एग्रीमेंट कर के रखा जाता है । जो उस हरवाहे के छोटे-छोटे बच्चे होते हैं उनको गेहूं बीनने के काम में लगाया जाता है और उसके लिये कोई अतिरिक्त पारिश्रमिक उस जागीरदार या जमींदार की तरफ से नहीं दिया जाता है बल्कि यह माना जाता है कि वह पूरे का पूरा परिवार उसने गिरवी रख लिया है, खरीद लिया है । तो इस विधेयक पर जब हम चर्चा कर रहे हैं तो सारे बिन्दुओं पर चर्चा किया जाना बहुत ज्यादा जरूरी है । जहां तक श्रमिकों का सवाल है, दो प्रकार के श्रमिक माने जाते हैं । एक कुशल श्रमिक हैं और दूसरे अकुशल श्रमिक है हैं । कुशल श्रमिक वह माना जाता है जो हल बक्खर का काम करता है, डोर आदि लगाने का काम करता है, बोनी करने का काम करता है, दवाई छिड़कने का काम करता हैं, अफीम का दूध एकत्रित करने का काम करता है । अकुशल श्रमिक वह कहलाता है, कटाई, नंजाई और गहाई आदि का काम करता है जिसमें ज्यादा संख्या महिलाओं की होती है । इन महिलाओं से अकुशल श्रमिकों की हैसियत से वह कठिन से कठिन काम लिया जाता है जो उनसे करवाने की अपेक्षा नहीं की जाती है । काम करने के कोई भी नियत घंटे

तय नहीं हैं। सुबह उठने के वक्त से लेकर रात को सोने के वक्त काम लिया जाता है। जब बोनी का काम होता है हल और बखर चलाने का काम होता है तो रात के समय जब मर्जी होती है तब हल और बखर चलाने का काम प्रारंभ कर दिया जाता है और उसके लिये इनको कोई अतिरिक्त पारिश्रमिक नहीं दिया जाता है। जब उनको हरवाहे के रूप में एक, दो या तीन साल के लिये तय किया जाता है तो बड़ा किसान यह मान कर के चलता है कि जिन्दगी भर के लिये काम करने के लिये बना लिया गया है इसलिये इस पर विचार किया जाना बहुत ज्यादा जरूरी है। जो कृषि श्रमिक होता है मौसम का ध्यान उससे काम करवाते समय नहीं रखा जाता है। काफी गर्मी, सर्दी और बारिश के समय भी उससे काम लिया जाता है। जब हम यह विधेयक ला रहे हैं तो उस समय इस विधेयक को लाते समय इन सारे बिन्दुओं पर ध्यान दिया जाना बहुत ज्यादा जरूरी है। क्योंकि जो हमारे यहां कृषि श्रमिकों की संख्या है जो सन 1961 में करीब 3 करोड़ 10 लाख थी वह बढ़कर अब करीब 6 करोड़ 44 लाख हो गयी है। जो निश्चित रूप से इस बात का द्योतक है कि कृषि श्रमिकों की संख्या निरन्तर बढ़ती जा रही है और जो हमारा भारत देश कृषि प्रधान देश माना जाता है जिसमें कि 70 फीसदी से ज्यादा लोग गांवों में रहते हैं उसमें लगभग 60 प्रतिशत वे लोग रहते हैं जो कि खेतिहर मजदूर हैं। इसलिये इनकी समस्याओं को सुझलाने के लिये यदि समुचित प्रयास भारत सरकार की ओर से कर लिया गया है तो निश्चित रूप से हम ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुधारेंगे और भारत देश जिसमें अधिकांश लोग गांवों में रहते हैं, उसके उत्थान और विकास के लिये कुछ कर सकेंगे, ऐसी मेरी मान्यता है।

मान्यवर, जो खेतिहर मजदूरों से संबंधित समस्यायें हैं वे प्रमुख रूप से इस प्रकार हैं, जैसे पहली ऋणग्रस्तता है, पूरे के पूरे खानदान के लिये आज यदि एक कृषि श्रमिक को सेठ साहूकार की तरफ़ से पैसा दिया जाता है तो उसकी इतनी ज्यादा ब्याज दर रहती है कि वह भुगतान नहीं कर पाता है। उसके बच्चे गिरवी रख लिये जाते हैं। फिर उसके बच्चे जब काम करते हैं यदि वे भुगतान नहीं कर पाते तो उनकी अगली पीढ़ी गिरवी रख ली जाती है। अतः इस संबंध में निश्चित रूप से कोई सुधार करने का प्रयास किया जाना चाहिये। जो दासता का जीवन देते हैं उनसे उन्हें मुक्ति दिलाने के लिये कोई न कोई प्रयास करना चाहिये।

जाति पर आधारित जो परम्परा है, ग्रामीण श्रमिकों की समस्या है। उस पर भी विचार करना चाहिये। जो निचली जाति के लोग हैं उनसे अक्सर इस ढंग का काम लिया जाता है। उनकी इस स्थिति का आंकलन करके हमको देखना चाहिये जहां एक तरफ़ वे सामाजिक त्रुटियों के शिकार न हों वहीं दूसरी तरफ़ जातियों के शिकार न हों पायें। इसके लिये पर्याप्त व्यवस्था किया जाना बहुत जरूरी है। इसके लिये मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं। जो ऐसी भूमि जो कृषि योग्य हैं तो वह इन खेतिहर मजदूरों को आवंटित की जाये। हमारे देश में ऐसी बहुत ज्यादा भूमि जो कि अभिचित है लेकिन कृषि योग्य और जिस पर अभी नहीं खेती हो पा रही है और इसके लिये बंधुआ मजदूरों की शिनाख्त स्टेट गवर्नमेंट की एक एजेंसी की तरफ़ से की जानी चाहिये। साथ ही साथ काम करते इन मजदूरों के साथ दुर्घटनायें हो जाती है उनके लिये भी कुछ इंश्योरेंस की स्कीम लागू होनी चाहिये ऐसा मेरा कहना है। इसके लिये, मान्यवर, एक कमेटी का गठन किया गया था। मैं उसकी अनुशंषा पर विस्तार से नहीं जाऊंगा क्योंकि समय कम है। जिस सब-कमेटी का गठन किया गया था उसके संबंध में मैं कहना चाहता हूं कि उसकी जो भी रिकमेंडेशंस हैं उन रिकमेंडेशंस पर ध्यान दिया जाना चाहिये।

[श्री सुरेश पचौरी]

जो सब कमेटी मिनिमम वेजज के लिये बनी थी जिसमें इस बात का प्रावधान था कि सेंट्रल ला फार एग्रीकल्चरल वर्कर्स बनना चाहिये, जब विधेयक को आप इंट्रोड्यूस करने जा रहे हैं तो उसमें ज्यादा उम्र वालों के लिये पेंशन की व्यवस्था, महिलाओं के लिये मैटरनिटी बेनीफिट्स, एक्सीडेंटस बेनीफिट आदि इन मजदूरों को मिल सकें, ऐसी व्यवस्था आप करें। उसके लिये ग्रामीण स्तर पर एक लिस्ट बननी चाहिये। उनका रजिस्ट्रेशन होना चाहिये। जब उनका रजिस्ट्रेशन होगा तो केवल उन्हीं से काम लिया जायेगा और उनके अतिरिक्त किन्हीं और से नहीं लिया जायेगा ताकि उनका शोषण नहीं हो पायेगा। जैसा कि मेरे पूर्व वक्ताओं ने कहा कि जो फैक्ट्रीज में काम करने वाले लोग हैं उनकी एक यूनियन रहती है और यूनियन के माध्यम से, यदि वे शोषण के शिकार होते हैं तो अपनी आवाज उठा पाते हैं, ऐसे ही इनका रजिस्ट्रेशन हो जायेगा और उसके माध्यम से इनसे काम लिया जायेगा फिर जब उन पर जुल्म-ज्यादती होगी, तांडव नृत्य होगा तो उससे इनको मुक्ति दिलायी जा सकती है। इनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिये यदि कृषि मजदूरों की सहकारी समितियां बना दी जायें, और समितियों को जो जो लाभ दिये जाते हैं वे यदि इनको भी मिल सकें तो इससे इनके जीवन स्तर को काफी उठाया जा सकता है, ऐसी मेरी मान्यता है।

मान्यवर, निश्चित रूप से श्री बलराम जी जो विधेयक लाये हैं वह अत्यन्त महत्वपूर्ण है और इस विधेयक में जिन जिन बिन्दुओं का समावेश किया गया है यदि उन सब बिन्दुओं को गंभीरता से लाया जायेगा जैसा कि मंत्री जी ने आश्वासन दिया है कि वे शीघ्र ही एक ऐसा विधेयक इस सत्र में लायेंगे, इसमें यदि इन सब बिन्दुओं का समावेश होगा तो निश्चित रूप से खेतिहर मजदूरों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिये कुछ हो सकेगा, ऐसा मेरा विश्वास है।

